nandgaon times 27nov-04.qxd 11/26/2024 11:58 PM Page 1

मिशन जल रक्षा अंतर्गत संयुक्त कार्यशाला... पृष्ठ 2 | इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


बुधवार, 27 नवंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 45, पृष्ठ 45, मूल्य 3 रुपए

## संविधान भारत की सदियों पुरानी संस्कृति, इतिहास और परंपराओं का आइना : मुख्यमंत्री



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज प्रात: संविधान दिवस पदयात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए। संविधान दिवस पदयात्रा पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय सभागृह से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौक पर समाप्त हुई। मुख्यमंत्री ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस पदयात्रा में उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री धरमलाल कौशिक, विधायकगण श्री इंद्र कुमार साहू, गुरु खुशवंत साहेब, श्री अनुज शर्मा, महिला आयोग की सदस्य श्रीमती लक्ष्मी वर्मा और युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्वजीत तोमर शामिल थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय सभागृह में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संविधान भारत की सदियों पुरानी संस्कृति, इतिहास और परंपराओं का आइना है। यह संविधान हमारे सदियों के संघर्ष, अनुभव और उपलब्धियों का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज के दिन 26 नवंबर से संविधान दिवस 2024 के आयोजन की शुरूआत हुई है। आज भारत के संविधान को आत्मसात किए 75 वर्ष पूरे हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने जहां पर मौलिक अधिकारों की बात लिखी है, वहां भगवान श्रीराम, माता सीता और भइया लक्ष्मण की तस्वीर अंकित की है। उन्होंने कहा कि यह तस्वीर तब की है जब भगवान श्रीराम लंका विजय के बाद अयोध्या लौट रहे थे। हमें इस बात को समझना होगा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने इस तस्वीर के माध्यम से हमें क्या संदेश दिया है। संविधान में ऐसे ही अनेक चित्र और संकेत हैं, जिनके माध्यम से संविधान निर्माताओं ने इंगित किया है कि हमें भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों के साथ



हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान

लोकतंत्र को आगे बढ़ाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भी हमारे संविधान की एक बड़ी विशेषता है कि इसमें परिवर्तनशील समय के अनुरूप आवश्यकता पड़ने पर संशोधन का भी प्रावधान है। हमारे संविधान निर्माताओं ने देश पर अपनी इच्छाओं और विचारों को लादा नहीं, बल्कि अपनी दूरदर्शिता से भावी पीढ़ी के लिए यह गुंजाइश छोड़ी कि वह अपने समय की परिस्थितियों, अपने समय के ज्ञान, अपने समय की आवश्यकताओं के अनुसार इसमें संशोधन कर सकें। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि संविधान दिवस के इस गौरवशाली पल में हमें लोगों को संविधान प्रदत्त अधिकारों एवं हमारे मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। संविधान सभा ने दो वर्ष 11 माह 18 दिन में संविधान का निर्माण किया। भारत का यह संविधान पूरे विश्व के लिए आदर्श है। संविधान केवल किताब ही नही, अपितु लोकतंत्र के जीवन का दर्शन है। संविधान कर्तव्यों और अधिकारों का निर्धारण करता है। यह देश की एकता और अंखडता का सूचक है। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि भारत के संविधान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान दिवस मनाने का आह्वान



किया है। दुनिया के सबसे बड़े संविधान ने वनांचल की बेटी को देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति के पद पर आसीन होने का अवसर दिया। दलितों को आगे बढ़ाने का यदि कोई साधन है तो वह है भारत का संविधान। लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने के लिए देश के सभी लोगों को संविधान में दिए गए कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहना होगा। भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर को युगों-युगों तक याद रखा जाएगा। विधायक श्री धरम लाल कौशिक ने कहा कि देश की आजादी के बाद लोकतंत्र को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए संविधान का निर्माण हुआ। संविधान दिवस संविधान निर्माताओं को नमन करने का दिन है। आज के दिन सभी को कर्तव्यों की जवाबदेही पर संकल्प लेना चाहिए। संविधान के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है, जो सालभर चलेगा। इसके लिए ज्हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमानज्ज् टैगलाइन तय की गई है।

## जनदर्शन में नागरिकों ने समस्याओं के समाधान के लिए दिया आवेदन

### सीईओ जिला पंचायत ने जनदर्शन में सुनी जनसामान्य की समस्याएं



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जनसामान्य को अधिक से अधिक लाभान्वित करने कहा। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कहा। जनदर्शन में आज डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम अर्जुनी निवासी श्री शिव कुमार धनकर अपने घर के पास लगे विद्युत पोल को स्थानांतरित करने के लिए आवेदन किया। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सोमनी निवासी श्री पन्ना लाल पटेल ने अपनी घर से आस-पास शासकीय जमीन का सीमांकन कर अतिक्रमण को हटाने के लिए आवेदन किया। ग्राम डगनिया निवासी श्रीमती प्रमिला साहू ने आबादी जगह दिलाने के लिए आवेदन किया। छुरिया विकासखंड के ग्राम खोराटोला निवासी श्री चन्दूराम ने वन अधिकार पट्टा प्रदाय के लिए आवेदन किया। इसी तरह ग्राम तुर्रेगढ़ निवासी श्री सहदेव और श्री रिकेश्वर एवं ग्राम जनकपुर निवासी श्री रोमनलाल ने वन अधिकार पट्टा दिलाने के लिए आवेदन किया। जनदर्शन में राशन कार्ड बनाने, अधिग्रहण भूमि का मुआवजा राशि दिलाने, मकान क्षतिपूर्ति की राशि दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, राजस्व अभिलेख को दुरूस्त करने, शौचालय निर्माण की अनुदान



राशि दिलाने जैसी मूलभूत आवश्यकताओं एवं गांव के विकास के लिए तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## नगर निगम में भारत के संविधान की प्रस्तावना का हुआ पठन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत के संविधान को आत्मसात करने के 75वर्ष पूर्ण होने के महत्व को चिन्हित करने के लिये संविधान दिवस 26 नवम्बर 2024 से प्रारंभ होने वाले तथा वर्ष भर चलने वाले स्मरणोत्सव को हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के



टैगलाइन के तहत संचालित करने के निर्देश शासन द्वारा प्राप्त हुये थे। निर्देश के अनुक्रम में आज 26 नवम्बर दिन मंगलवार को शासकीय कार्यलयों,स्कूलों, महाविद्यालयों, संस्थानों एवं सार्वजनिक उपक्रमों में भारतीय संविधान के प्रस्तावना (उद्देशिका) का पठन किया जाना है। शासन निर्देशानुसार आज 26 नवम्बर मंगलवार को प्रात: 11:00 बजे नगर निगम सभागृह में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा उपायुक्त श्री मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.राटेके व श्री संजय वर्मा की उपस्थिति में संविधान के प्रस्तावना (उद्देशिका) का पठन किया गया कि हम भारत के लोग भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक, गणराज्य बनाने के लिये तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढाने के लिये दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते है। उपायुक्त श्री मोबिन अली ने भारत के संविधान पर प्रकाश डाला और प्रस्तावना को आत्मसात करने कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर सहायक लेखाधिकारी श्री राकेश नंदे, प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री नारायण यादव सहित अधिकारियों व कर्मचारियो ने भारतीय संविधान के प्रस्तावना (उद्देशिका) का पठन किया।

## तेज रफ्तार पिकअप व मोटरसाइकिल के बीच टक्कर से गई एक जान

**वाहन चालक घटनास्थल में घायलों को देखना छोड़ भाग निकला**

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** मोटरसाइकिल सवार पिकअप वाहन से टकरा जाने से गई एक युवक कि जान। मिली जानकारी अनुसार छुरिया




कि ओर आ रहे मोटरसाइकिल क्रमांक छ्त्र.04.छ्ह्र. 4596 में सवार छुरिया पहुंचने वाले ही थे कि सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। जानकारी अनुसार मोटरसाइकिल सवार छुरिया ब्लाक मुख्यालय अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पदगुड़ा निवासी होना पता चल पाया है जो किसी कार्य के चलते बम्हनी बंजारी मार्ग से छुरिया कि ओर आ ही रहा था कि बीच रास्ते में ग्राम भर्रीटोला निवासी ने छुरिया तक छोड़ देने कि मदद मांगी मोटरसाइकिल सवार युवक ने बच्चे व उसके पिता को लिफ्ट देकर छुरिया वन विभाग चेक पोस्ट से लगभग पांच सौ मीटर पहले पहुंचा ही था कि बम्हनी बंजारी कि ओर जा रहे पिकअप वाहन तेज रफ्तार ने मोटरसाइकिल को इतने जोर से मारा कि मोटरसाइकिल के सामने का हिस्सा पुरा चुर चुर हो गया वहीं मोटरसाइकिल चालक ग्राम पदगुड़ा निवासी ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ देने कि बात सामने आई वहीं मोटरसाइकिल पर सवार अन्य व्यक्ति के सर पर गहरी चोंट आई व बच्चे को मामूली चोंट लगना बताया गया। हालांकि तत्काल 112 कि मदद से प्राथमिक इलाज के लिए छुरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां घायलों का प्राथमिक उपचार जारी रहा। वहीं लापरवाही पुर्वक तेज रफ्तार वाहन चालक दुर्घटना स्थल छोड़ पिकअप वाहन लेकर भाग निकला। वहीं कुछ मौजूद घटनास्थल पर लोगों ने से मिली जानकारी अनुसार पिकअप वाहन कि पहचान किसी ग्राम भर्रीटोला निवासी का होना बताया गया। जिसके बाद आगे कि कार्यवाही को लेकर छुरिया पुलिस घटनास्थल पहुंच मामले कि गंभीरता को लेकर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## धान खरीदी : कांग्रेस की निगरानी समितियों का गठन शीघ्र - भागवत साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश कांग्रेस के संगठन एवं प्रशासनिक विभाग के प्रभारी मंत्री मलकीत सिंह गैदु ने प्रदेश के समस्त जिलों के कांग्रेस अध्यक्षों को पत्र लिखकर सोसाइटियों में निगरानी के लिए समिति गठित करने का आह्वान किया है। निगरानी समितियां गठित कर सोसाइटियों में भ्रष्टाचार रोकने और किसानो की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में ऐसा किया जाना विपक्ष का धर्म भी है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण राजनंदगांव के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि हाई कमान के निर्देशानुसार इस जिले के समस्त सहकारी समितियां में धान खरीदी व्यवस्था की निगरानी तथा भ्रष्टाचार रोकने के लिए समितियां जल्द गठित की जाएगी। यह निगरानी समितियां उपार्जन केंद्र वार और समिति बार गठित की जाएगी। गठन के उपरांत इस आशय की सूचना पार्टी वाला कमान को दी जाएगी। श्री साहू ने आगे कहा कि प्रदेश में धान खरीदी



केन्द्र / समितियों के माध्यम से धान खरीदी 14 नवम्बर से प्रारंभ हो चुका है। धान विक्रय के दौरान किसान भाईयों खरीदी केन्द्र / समिति में किसी भी प्रकार की समस्या व प्रशासनिक व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष माननीय श्री दीपक बैज जी ने किसान भाईयों के हित में समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री व्यवस्था की सतत् निगरानी हेतु खरीदी केन्द्रवार निगरानी समिति का गठन किये जाने का निर्देश दिये हैं। धान खरीदी केन्द्र अंतर्गत आश्रित गांवों के कांग्रेसजन/किसानों एवं किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों/कार्यकर्ताओं को समाहित कर निगरानी समिति का गठन करें और समिति को निर्देशित करें कि वे, खरीदी केन्द्र / समिति में भ्रष्टाचार / धांधली तथा किसान भाईयों को धान बेचने में गंभीर समस्या/अव्यवस्था से जुझना पड़ रहा हो तो तत्काल दुरूस्त किये जाने हेतु संबंधित प्रशासनिक अधिकारी से सम्पर्क करें और संबंधित जिला/ब्लाक कांग्रेस कमेटी को भी अवगत करावें।

## संविधान दिवस के अवसर पर जनसंपर्क विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने किया भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन

**बालोद ( नांदगांव टाइम्स )।** संविधान दिवस के अवसर पर आज जिला जनसंपर्क कार्यालय बालोद के अधिकारी-कर्मचारियों ने भारतीय



संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री चंद्रेश ठाकुर ने कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया। इस दौरान जिला समन्वयक सोशल मीडिया श्री तनवीर खान, वाहन चालक श्री राजेन्द्र कुंजाम, चैकीदार श्री कृष्ण शरण साहू सहित सुश्री रूबीना खान, श्री घनश्याम चन्द्राकर, श्री हुलेश रजक उपस्थित थे।

## साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न

### हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान के आयोजन के संबंध में दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर समय सीमा के प्रकरणों की समीक्षा की और इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने 26 नवम्बर संविधान दिवस से प्रारंभ होने वाले तथा वर्ष भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के संबंध में विस्तार जानकारी दी और अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने बताया कि आज से वर्ष भर चलने वाले स्मरणोत्सव हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान के आयोजन अवसर पर संविधान की प्रस्तावना, अपने संविधान को जाने, संविधान का निर्माण और संविधान के गौरव का पर्व मनाये जाने के संबंध पर आधारित गतिविधियां आयोजित होंगी। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन, पंचायतों में संविधान स्वाभिमान यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा ग्राम सभाओं में संविधान के अनुच्छेद 51 ए के तहत नागरिकों के तहत मौलिक कर्तव्यों का वाचन, स्थानीय विद्यालयों व महाविद्यालयों में संविधान के प्रावधान, निर्माण की प्रक्रिया, मौलिक अधिकार, कर्तव्य, राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत, नवीनतम संशोधन इत्यादि पर प्रश्नोत्तरी के आयोजन, वाद-प्रतिवाद, सेमिनार, सामाजिक सशक्तिकरण सहित अन्य विषयों पर चर्चा आयोजित की जाएगी। इस संबंध में उन्होंने



अधिकारियों को विशेष रूप से दिशा-निर्देश दिए। साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि 30 नवम्बर को राजनांदगांव विकाखंड के ग्राम बघेरा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सभी अधिकारी प्राप्त आवेदनों के निराकरण कर शासन की समस्त योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ हितग्राहियों को देने का प्रयास करें। बैठक में उन्होंने यह भी कहा कि सामाजिक कार्यक्रमों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पालन कराया जाना आवश्यक है। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि आगामी 15 दिसम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सहमति से अधिक से अधिक प्रकरणों का निपटारा किया जाए, इसके लिए पर्याप्त प्रकरणों राष्ट्रीय लोक अदालत के समक्ष रखने कहा। बैठक में बताया गया कि खरीफविपणन वर्ष 2024-25 के दौरान जिले में 96 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। किसानों को समय पर टोकन एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। बैठक में उन्होंने श्रम, खाद्य, कौशल विकास, खनिज, उद्यानिकी, कृषि, विद्युत, राजस्व सहित अन्य विभागों के प्रकरणों एवं गतिविधियों पर बारी-बारी से समीक्षा कर उनके निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, आयुक्त नगर निगम श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

nandgaon times 27nov-04.qxd 11/26/2024 11:58 PM Page 2



# मिशन जल रक्षा अंतर्गत संयुक्त कार्यशाला का हुआ आयोजन

### जल संकट के समाधान और ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जल, मानव जीवन का मूलभूत आधार है। इसके बिना जीवन की कल्पना असंभव है। वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर समस्या के रूप में उभर रहा है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में। जिले के कई ग्रामीण क्षेत्र आज जलसंकट का सामना कर रहे हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में मिशन जल रक्षा और जल स्त्रोतविहीन ग्राम के संबंध में जल संसाधन, कृषि, मनरेगा सहित अन्य विभागों की संयुक्त कार्यशाला आयोजित की गई। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कार्यशाला में जिले के जल संकट से प्रभावित गांवों की समस्या का समाधान करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाते हुए संयुक्त प्रयास करने कहा। उन्होंने जल संरक्षण और प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। जिसके अंतर्गत जिले के सभी जल स्त्रोत विहीन गांवों को चिन्हांकित करके जीआईएस तकनीक का उपयोग करते हुए उन सभी गांवों का प्लान तैयार कर योजना बनाई गयी। कार्यशाला का उद्देश्य केवल तत्काल समस्या समाधान तक सीमित नहीं है, बल्कि दीर्घकालिक जल संरक्षण और प्रबंधन के उपायों को लागू करना भी है। पारंपरिक जलस्त्रोत तालाब, कुएं और अन्य डबरी या तो सूख रहे हैं या उपयोग के लायक नहीं हैं। इसके अलावा भू-जल स्तर में गिरावट और असमान वर्षा ने समस्या को और बढ़ा दिया है। ऐसे में एक वैज्ञानिक और व्यवस्थित सर्वेक्षण की आवश्यकता महसूस की गई ताकि इन गांवों को चिन्हित कर उनकी समस्या का समाधान किया जा सके। इस चुनौती का समाधान करने के लिए स्थानीय प्रशासन और तकनीकी विशेषज्ञों ने मिलकर जलस्त्रोतविहीन गांवों का एक




व्यापक सर्वेक्षण किए जा रहे । इसमें वर्षा जल संचयन, तालाबों, कुओं का पुर्ननिर्माण और सामुदायिक सहभागिता जैसे मुद्दों को शामिल किया गया। जिसे के सभी विभागों को इस विषय में शीघ्र ड्राफ्ट तैयार प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही इस समस्या के समाधान में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि जिले के जलस्त्रोतविहीन गांवों की समस्या को हल करने के लिए स्थानीय प्रशासन और तकनीकी विशेषज्ञों ने जल प्रबंधन योजना का मसौदा तैयार करने की दिशा में कार्य आरंभ किया है। यह योजना न केवल पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी, बल्कि ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगी। जल प्रबंधन के लिए प्रत्येक गांव के लिए विशेष योजना तैयार की किए जा रहे है, जिसमें स्थानीय संसाधनों और भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखा गया। जल संकट से निपटने के उद्देश्य से संबंधित विभागों को योजना का ड्राफ्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत निर्देशित किया गया है। जीआईएस (भौगोलिक सूचना प्रणाली) के माध्यम से गांवों की भौगोलिक और हाइड्रोलॉजिकल स्थितियों का अध्ययन किए जा रहे है। सर्वेक्षण में जीआईएस (भौगोलिक सूचना प्रणाली) और रिमोट सेंसिंग जैसी तकनीकों का उपयोग किए जा रहे है। इन तकनीकों से गांवों की भौगोलिक स्थिति, मिट्टी की संरचना और जलग्रहण क्षेत्र का विस्तृत नक्शा तैयार किए गए हैं। इस तकनीक से जलस्त्रोतों की संभावनाओं को खोजने और जल संरक्षण के लिए प्रभावी योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी। जल श्रोतविहीन गांवों का सर्वेक्षण कार्य एक महत्वपूर्ण कदम है, जो इन गांवों के जल संकट को समझने और समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने में मदद मिलेगा है।सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि यदि सही तरीके से जलस्त्रोतों का संरक्षण और प्रबंधन किया जाए, तो जलस्त्रोतविहीन गांवों में पानी की समस्या को हल किया जा सकता है। यह केवल एक जल संकट समाधान नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण विकास और समाज की समृद्धि के लिए भी एक महत्वपूर्ण पहल है। यह पहल राजनांदगांव जिले को न केवल जल संकट से मुक्त करेगी, बल्कि अन्य जिलों और राज्यों को भी प्रेरणा देगी। जलस्त्रोतविहीन गांवों को पुनर्जीवित करने की यह प्रक्रिया पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण विकास और जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में सहायक सिद्ध होगी। जल है तो कल है इस संदेश के साथ इस प्रकार की योजनाएं केवल प्रशासन का कर्तव्य नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी बननी चाहिए।

## योग विभाग के छात्र-छात्राओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य श्रीमती डॉ ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन एवं योग शिक्षिका मंजू धनकर के नेतृत्व में 19 से 20 नवंबर को योग साइंस पीजी डिप्लोमा के छात्र-छात्राओं को सत्र 2024-25 के शैक्षणिक भ्रमण गतिविधियां अंतर्गत हरिद्वार पतंजलि पीठ से प्रशिक्षित योग गुरु लेखू राम के द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र ग्रामछपरी भोरमदेव जिला कबीरधाम में छात्र छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया जिसके अंतर्गत मिट्टी पट्टी, जल नीति, सूत्र नीति, शिरोधारा, स्टीम बाथ, आदि की जानकारियां दी। प्राचीन भोरमदेव मंदिर दर्शन कबीरधाम एवं अमरकंटक नर्मदा मैया, श्रीयंत्र मंदिर माई की बगिया, सांख्य दर्शन के मुनि कपिल मुनि की कपिलधारा, दूध धारा शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण में कुश मालेकर, संजय वर्मा, शीतल, सेवकराम, दालेश्वर, कामेश्वरी, रानी, सोनिया, अंजलि, यामिनी, बबीता, मोनिका, प्रीति आदि छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।



## संगठन चुनाव कराने प्रभारियों की नियुक्ति

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** संगठन चुनाव को लेकर 24 वार्ड के बूथ प्रभारियों ने बूथ अध्यक्ष के चुनाव की तैयारी शुरू कर दिया गया है। जिला भाजपा महामंत्री राजेन्द्र गोलछा ने पदाधिकारियों और नेताओं के साथ बैठककर पूर्व सहयोगी एवं सहसहयोगी की सूची जारी किया है। विभिन्न शक्ति केन्द्र में नियुक्त सहयोगी, सह सहयोगी, प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक क्रमशः इस प्रकार है। शक्ति केन्द्र क्रमांक 1 में महेन्द्र अग्रवाल, अमित यादव, तुलसी मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, नागेन्द्र परिहार, शक्ति केन्द्र 2 में प्रकाश चौरडिया, बिरेन्द्र सोनी, प्रदीप बाघ, सत्यप्रकाश मिश्रा, सौमित्र, शक्ति केन्द्र 3 में हरविंदर एस. मंगे, डी. एकेस राव, विनोद खांडेकर, कमलेश काले, रवि रंजन मंडल, शक्ति केन्द्र 4 में शशिकांत द्विवेदी, प्रिंस कक्कड़, विजेन्द्र ठाकुर, लक्ष्मी यादव, मुकेश रामटेके, शक्ति केन्द्र 5 में कुलवंत कक्कड़, भागवत नामदेव, सुरेन्दर सिंग बन्नोआना, अमित छाबड़ा, राकेश अग्रवाल, शक्ति केन्द्र 6 में महेन्द्र भाई पटेल, अमित बोस, लक्ष्मीनरायण अग्रवाल, रमन डोंगरे, अचलासिंग ठाकुर है। इनके नेतृव में चुनाव प्रक्रिया संपन्न होगी।

## दिग्विजय महाविद्यालय की छात्रा कु दीक्षा ताम्रकार का चयन राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की छात्रा कु दीक्षा ताम्रकार ने रायगढ के ओ पी जिंदल वि.वि. में दिनांक 22-25 नवंबर तक आयोजित छ ग राज्य स्तरीय 5 वीं योगासन प्रतियोगिता में आर्टिस्टीक योगासन में द्वितीय स्थान तथा टेड्डीशनल योगासन में तृतीय स्थान प्राप्त किया । इस उपलब्धी के आधार पर इनका चयन तुमतुम कर्नाटक में आयोजित राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। महाविद्यालय की प्रचार्या डा के एल दामले ने इस उपलब्धी के लिए महाविद्यालय के क्रीडाधीकारी श्री अरूण चैधरी तथा छात्रा कु दीक्षा ताम्रकार को बधाई देते हुए राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी ।




**कार्यालय, नगर पालिक निगम राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// द्वितीय निविदा सूचना //**

**कमांक 1065/निविदा/लोक / 2024-25, राजनांदगांव दिनांक 19/11/2024**

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख मे) | निविदि प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 15वें वित्त आयोग अंतर्गत सार्वजनिक भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कार्य | 2.35 | 06.12.2024 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालीन अवधि में कार्यालय नगर पालिक निगम राजनांदगांव के (लोक कर्म शाखा) एवं वेबसाईड www.mcrjn.com& http//www.uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा मे किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेडमेंट पृथक से विज्ञापन जारी नहीं किया जावेगा। वेबसाईट मे ही प्रकाशित किया जावेगा।

**आयुक्त**

**निमर पालिक निगम राजनांदगांव**


# नगर निगम के सभी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की आयुक्त विश्वकर्मा ने ली बैठक

### सेवा नियम का पालन कर समर्पण व निष्ठा से कार्य करने की दी सीख

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने आज निगम सभागृह में नगर निगम के सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर कार्यालयीन अवधि में उपस्थित रहकर सेवा नियम का पालन कर समर्पण व निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वाहन करने की सीख दिये। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने आज निगम के सामान्य प्रशासन विभाग, लेखा, जन्म-मृत्यु, लोककर्म, विद्युत, जल, सफाई, मोटर, राजस्व विभाग में कार्यरत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक में कहा कि नौकरी के पहले दिन से ही हम एक नियम से बंध जाते है और उसी दिन से हम एक आम नागरिक से अलग हो जाते है। कार्यालय के कर्मचारियों का आचार व्यवहार व कार्य कैसा होना चाहिये, इस संबंध में चर्चा करने आज बैठक बुलाई गयी है। उन्होंने कहा कि नौकरी के पूर्व हमारी मानसिकता होती है कि हम नौकरी लगने पर निष्ठा एवं इमानदारी से कार्य करेंगे, हमे उसी मानसिकता से काम करना है, तभी हम सफल होगे। कार्यालय में हमारा व्यवहार संयमित और मर्यादित होनी चाहिये, कार्यालयीन समय में उपस्थित रहकर, अपने कार्यो का कर्मठतापूर्वक इमानदारी से निर्वाहन करना है। अपने उच्च अधिकारियों के आदेश की अव्हेलना नही करनी चाहिये। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि नगर निगम बहुत महत्वपूर्ण विभाग है, जो जनता से सीधा जुडा होता है और लोगों के दैनिक जीवन की महत्वपूर्ण आवश्यकता जैसे राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु व विवाह प्रमाण पत्र, निराश्रत पेंशन के अलावा बिजली, पानी, सफाई जैसी मूलभूत सुविधा निगम के द्वारा उपलब्ध करायी जाती है। इस दृष्टिकोण से हमारा कार्यालय बहुत महत्वपूर्ण है और इसकी महत्ता को समझ सभी को अपने दायित्वों का निर्वाहन करना है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कार्यालयीन समय में इधर उधर घूमते है, वैसे ही निगम की जानकारी लोगो को उपलब्ध कराते है, जो कि हमारे कार्य के विरूद्ध है। जिसे जानकारी चाहिये वो लिखित में देगा और उसे जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। आप अपने पद का गलत इस्तेमाल न करे। इसके अलावा शासन के दिशा निर्देशों का पालन कर योजनाओं को जन जन तक पहुँचाना भी हमारा दायित्व है। नागरिकों एवं पार्षदों के कार्यो को प्राथमिकता देते हुये समय सीमा में पूर्ण करना है। आयुक्त ने कहा कि समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण करना है, बहुतसी जानकारिया समय में देने की रहती है, जिसे समझकर तत्काल उपलब्ध कराना है। किसी प्रकार की परेशानी या कार्य में कठिनाई पर अपने उच्च अधिकारियों को अवगत करावे। अनावश्यक अवकाश पर न रहे, कुछ कर्मचारी मेडिकल बनवाकर लंबी छुटटी मे चले जाते है, जिसकी मेडिकल बोर्ड से जॉच करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि मैने अधिकांश विभाग की फाईले देखी है, जो बहुत व्यवस्थित और अच्छे तरीके से संधारित रहती है, यह बहुत अच्छी बात है, इसी प्रकार कार्य करना है। उन्होंने राजस्व विभाग के कर्मचारियों से कहा कि नगर निगम का बहुत महत्वपूर्ण विभाग राजस्व विभाग होता है। राजस्व विभाग के सभी कर्मचारी इमानदारी से राजस्व वसूली करे। वर्तमान में क्यू.आर. कोड से मोबाईल के माध्यम से वसूली करने की तैयारी चल रही है। आप सभी क्यू.आर. कोड रख वसूली करे, जिससे आप लोगों को सुविधा होगी एवं अच्छी वसूली भी आयेगी।उपायुक्त श्री मोबिन अली ने इस अवसर पर कहा कि आयुक्त महोदय की सोच कि निगम की कार्य प्रणाली में सुधारकर इमानदारी व लगन से सभी कार्य करे, इसीलिये आज बैठक बुलाई गयी है। उन्होंने राजस्व विभाग के कर्मचारियों से कहा कि राजस्व वसूली शासन लक्ष्य के अनुसार करना है, नये सिरे से डिमाण्ड दुरूस्तीकरण कर चालू एवं बकाया मांग आनलाईन किया जा रहा है, क्यू.आर. कोड के माध्यम से वसूली करनी है। उन्होंने कहा कि अब तक वसूली बहुत कम है, वसूली में तेजी लाकर 4 माह में लक्ष्य पूरा करना है। कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने कहा कि अपने दायित्वों का कैसे निर्वाहन करना है, आयुक्त महोदय ने बताया उसी आधार पर निष्ठापूर्वक कार्य करे, जनता से जुडी समस्या का प्राथमिकता से निराकरण करना है, तथा शासन के निर्देशो का पालन कर योजनाओं को क्रियान्वयन करना है। बैठक में कार्यपालन अभियंता श्री संजय वर्मा व श्री ईमरान खान सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



# शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय रासेयो इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संस्था के प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर मैम के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी इकाई 01 प्रो. संजय सप्तर्षि , इकाई 2 प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम कुतुलबोर्ड भाटागांव का आयोजन, युवा भारत के लिए युवा, डिजिटल भारत के लिए युवा विषय पर आयोजित किया गया है। सात दिवसीय विशेष शिविर में सुबह 5 बजे प्रभात फेरी उसके पश्चात 6 बजे योगाभ्यास, 7 बजे नाश्ता 8 बजे से 11 बजे तक परियोजना कार्य जिसके अंतर्गत स्वयंसेवियों द्वारा गांव में अनेकों जागरूकता कार्यक्रम एवं श्रमदान किया जाता था। इसके पश्चात 2 बजे से 4 बजे तक बौद्धिक परिचर्चा सत्र जिसमें अलग अलग दिवस पर विषय विशेषज्ञ एवं अधिकारी गण उपस्थित होकर ग्राम वासियों ओर स्वयंसेवियों को मार्गदर्शित करते थे। 4 से 5 देशी खेलकूद 5 से 6 ग्राम भ्रमण, रात्रि भोजन करने के बाद 8 से 10 सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसके अंतर्गत जागरूकता एवं छत्तीसगढ़ी संस्कृति से संबंधित कार्यक्रम ग्राम वासियों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वयंसेवियों द्वारा प्रस्तुति दिया जाता था। इसके पश्चात विश्राम। सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम बेला में समापन समारोह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे पूर्व संसद श्री मधुसूदन यादव, विशिष्ट अतिथि श्री सचिन बघेल, श्री उमेश पटेल, एवं दिग्विजय महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष श्री अतुल रायजादा के साथ साथ महाविद्यालय के नए प्राचार्या डॉ, किरण लता दामले भी उपस्थित रहे। और गांव के सरपंच उमा बाई, सचिव समस्त पंच एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थिति अतिथियों स्वयंसेवियों को पढ़ाई के साथ साथ सेवा कार्य में जुड़े रहने के लिए आशीर्वचन, बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया। अंत रासेयो स्वयंसेवियों द्वारा मुख्य अतिथि श्री मधुसूदन यादव से रासेयो इकाई के लिए कुछ जरूरत की सामग्रियों की मांग की गई है।



## कृषि विधर्थियों द्वारा बताया गया ग्रीस बैंडिंग के उपयोग का तरीका

**राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कृषि विधर्थियों द्वारा बताया गया ग्रीस बैंडिंग के उपयोग का तरीका तथा उसके लाभ..ग्राम धामनसरा मे पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि विश्वविद्याला एवं अनुसन्धान केन्द्र, अधिष्ठिता महोदया डॉ. जयालक्ष्मी गाँगुली के मार्गदर्शन में 21 नवंबर को र्क्ङ्ख्श्व के छात्रों द्वारा डॉ. मनोज चंद्राकर शिवाजी लिमजे के नेतृतव में किसान श्रीमती रोशनी वैष्णव के खेत में आम कि फसल को मैंगो मिली बग किट से बचाने के लिए ग्रीस बैंडिंग का प्रदर्शन कर उसके लाभ के बारे में बताया गया यह आम के पेड़ों के तनों पर चिपचिपा, गैर-विषाक्त मिश्रण (मिनरल ऑयल और वैक्स) लगाने की तकनीक है, जो कीटों को फँसाकर नष्ट करती है। यह आमतौर पर हॉपर्स, पत्ती जाल बनाने वाले कीट, फल मक्खी और स्केल कीटों को नियंत्रित करती है। पर्यावरण अनुकूल, गैर-विषाक्त, किफायती और सरल ग्रीस बैंडिंग फलों पर रासायनिक अवशेष कम करती है। इसे तने से 1-2 मीटर ऊपर, 10-15 सेमी चौड़ाई में लगाया जाता है और हर 2-3 महीने या भारी बारिश के बाद दोहराया जाता है।



# संविधान दिवस पर गोष्ठी

## नागरिक कर्तव्यों के प्रति सचेत रहे: सचिन बघेल

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आज दिनांक 26 नवंबर को राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर दोपहर 01 बजे विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया । इस गोष्ठी को संबोधित करते हुये समारोह के मुख्य अतिथि व जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने कहा कि संविधान हमारे देश की आत्मा है, संविधान के अनुसार ही देश संचालित होता है और प्रगति पथ पर अग्रसर भी हो रहा है। अक्सर यह देखने को आता है कि लोग संविधान में प्रदत्त अधिकारों के प्रति तो जागरूक रहते है किन्तु जब नागरिक कर्तव्य की बात आती है तो उदासीन हो जाते है। हमें इस बात का ख्याल रखना चाहिये कि जैसे हम अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते है वैसे ही नागरिक कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहे तो देश को दुनिया का महाशक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री बघेल ने आगे कहा कि संविधान के अनुसार ही देश कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ रहा है, किन्तु कुछ लोग संविधान का खतरा बताकर अपने निहित राजनैतिक स्वार्थो की पूर्ति में लगे है। ये तत्व इस खतरे का हौव्वा खड़ा करके देश के विकास में बाधक बने हुये है। श्री बघेल ने बिना नाम लिये कहा कि विपक्षी पार्टी का एक बड़ा नेता जो शायद संविधान पढ़ा भी नहीं है वह संविधान की किताब लिये घूम रहा है, ऐसे लोगों से आज के इस मौके पर सतर्क रहने की जरूरत है। संविधान के प्रति जागरूकता प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की देन है, वे सन् 2015 से संविधान के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे है। देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, देश के संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर दूरदर्शी व्यक्ति थे और इसलिये हमारा संविधान सर्वकालिक रूप में देश के सामने है। प्रारंभ में बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई फिर जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष रविन्द्र रामटेके ने स्वागत भाषण पढ़ा। गोष्ठी को जिला भाजपा के महामंत्री राजेन्द्र गोलछा ने भी संबोधित किया, कार्यक्रम का संचालन भाजपा के महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ने किया तथा आभार प्रदर्शन सावन वर्मा ने किया। इस अवसर पर 26/11 को मुंबई में हुये हमले में शहीद हुये लोगों को याद किया गया।इस दौरान प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, कोमल सिंह राजपूत, सुरेन्दर सिंह बन्नोआना, शिव वर्मा, किशुन यदु, तरूण लहरवानी, अतुल रायजादा, रोहित चन्द्राकर, रघुवीर वाधवा, मूलचंद लोधी, मुकेश बघेल, सुमीत भाटिया, गिन्नी चावला, गोलू सूर्यवंशी, मनोज साहू, हर्ष रामटेके, आकाश चोपड़ा, त्रिगुण टॉक, संदीप भट्टाचार्य, मिथलेश्वरी वैष्णव, मधु बैद, पुष्पा गायकवाड़, शैंकी बग्गा, अनिता इन्दुलकर, दीपेश शेण्डे, संकेत रामटेके, ललित रामटेके, रानू मेश्राम, जनक लाउत्रे, संतोष मेश्राम, प्रवेश मेश्राम, अनिल तुरकने, महेश महोबे सहित बड़ी संख्या में भाजपा के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थें।



## जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने नव दंपति को आशीर्वाद दिया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** खुज्जी विधानसभा अंतर्गत ग्राम कुमरदा में बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू जी शामिल हुई कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत सत्कार से किया गया। सामूहिक विवाह मे 16 जोड़ियों का विवाह विधि विधान के साथ हुआ। राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने नव दंपति को प्रमाण पत्र उपहार भेंटकिया।आशीर्वाद देते हुए श्रीमती साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में गरीब परिवार की कन्याओं के विवाह के संबंध में होने वाली कठिनाइयों को देखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना लागू की गई है जिसका उद्देश्य गरीब परिवार के कन्याओं के संदर्भ में होने वाली आर्थिक कठिनाईओ का निवारण, विवाह के अवसर पर होने वाली फिजुल खर्ची को रोकना एवं सादगी पूर्ण विवाह को बढ़ावा देना, सामूहिक विवाहों के आयोजन के माध्यम से मनोबल आत्मसम्मान में वृद्धि एवं उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार तथा विवाहों में दहेज के लेनदेन की रोकथाम करना है।



**शुभांक**

**1-3-6**

**346-3 400-4**

**भाग्यांक**

**130-4 357-5**


**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202411091100027**

विषय :- ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व

सनः- 2024-2025

मारगांव प.ह.न. 00011 [(हे0)]

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार -डेरहाराम,

अनावेदक पक्षकार -छ0 ग0 शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डेरहाराम आ0 भोंदूराम जाति राउत निवासी ग्राम मारगांव पटवारी हल्का नं0 11 तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने माता बारोबाई की मृत्यु दिनांक 10/05/2004 को ग्राम मारगांव में होने के कारण अपने माता बारोबाई की मृत्यु तिथी जारी किये जाने शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण, पंचनामा, चालान क्रमांक 66111024002153, आधर कार्ड, राशन की छायाप्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो पेशी दिनांक 06.12.2024 को स्वंय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 19.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/11/2024 को जारी किया जाता है।


सील

**नायब तहसीलदार डोंगरगांव**

## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में, इसरो ने भारत का पहला एनालॉग अंतरिक्ष मिशन कहाँ शुरू किया है?*
*2) हाल ही में, वीर शहीदों के सम्मान में डिजिटल मेमोरियल ऑफवेलोर किसके द्वारा शुरू किया गया है?*
*3) वर्ष 2024 के लिए कलैगनार एम करूणानिधि सेमोझी तमिल पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया?*
*4) हाल ही में चर्चा में रहा बरडा वन्यजीव अभ्यारण्य कहाँ स्थित है?*
*5) किस चोल राजा को गंगईकोंडा कहा जाता है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) लेह (2) रेलवे सुरक्षा बल (3) एम. सेल्वारासन (4) गुजरात (5) राजेंद्र चोल प्रथम

# इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट नई दिल्ली राष्ट्रीय पत्रकार संघ द्वारा सम्मान

## पत्रकारों के हित के लिए जब तक जान है तब तक संघर्ष करूंगा - अवधेश भार्गव

**खजुराहो छतरपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** विगत दिनों खजुराहो के होटल झंकार में इंडियन फेडरेशन ऑफवर्किंग जर्नलिस्ट नई दिल्ली राष्ट्रीय पत्रकार संघ द्वारा सम्मान एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक राष्ट्रीय पत्रकार संघ का महा सम्मेलन आयोजित किया गया इस सम्मेलन में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड सहित छतरपुर और लोकल खजुराहो के पत्रकार शामिल हुए इस राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश भार्गव ने कहा कि पत्रकारों के हित में सदैव संघर्षरत रहूंगा और उनकी सुरक्षा के साथ स्वास्थ्य की फिक्र भी मेरी प्राथमिकता होगी। उन्होंने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार भारतीय समाज में राष्ट्रीय हित के लिए अपनी जान को हथेली पर रखकर राष्ट्रीय हित में कार्य करते हैं। पत्रकारों को एकजुट होकर पत्रकारों के हित में संघर्ष करने की आवश्यकता है। भारत में पत्रकारों को मिलने वाली सुविधाओं को व्यापक बनाने के लिए हमारा कार्यक्रम निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। पत्रकारों के लिए अलग एट्रोसिट एक्ट बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया उन्होंने पत्रकारों को भी सावधान किया कि वह इस एक्ट का दुरुपयोग नहीं करेंगे। पत्रकारों के हित में पत्रकारों के लिए आजीवन संघर्षरत रहने वाले अवधेश भार्गव ने



पत्रकारों को एक मंच पर आने की आवश्यकता भी स्वीकार किया, पत्रकार अलग-अलग विचारों के साथ कई मंच पर हैं। पत्रकार स्वास्थ्य बीमा पर भी उन्होंने अपने विचार व्यक्त किया। अन्य प्रदेशों से आए वरिष्ठ पत्रकारों के द्वारा भी संबोधन किया गया जिनमें वरिष्ठ पत्रकार श्री संतोष गंगेले कर्मयोगी,श्री एस एन श्याम, जयप्रकाश सिंह, अवधेश कुमार शर्मा, अनमोल कुमार, छतरपुर के पत्रकारों में नीरज सोनी, हरि प्रकाश अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, राकेश रिछारिया, अरविंद जैन, शिवांगी तिवारी, विकास दीक्षित, समीर अवस्थी, आदि ने अपने विचार रखें।

पत्रकारिता वर्ष समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने वाले देश के अनेक पत्रकारों के साथ बुंदेलखंड क्षेत्र में सामाजिक काम करने वाले श्री संतोष गंगेले कर्मयोगी नौगांव बुंदेलखंड को महासंघ के अध्यक्ष श्री अवधेश भार्गव एवं कार्यक्रम के संयोजक श्री देवेंद्र चतुर्वेदी के कार्यक्रमों से सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष अरुण पप्पू अवस्थी, सीएमओ बसंत चतुर्वेदी, श्रीमती रजनी शुक्ला, गौरव सिंह बघेल, रेडिसन होटल की जीएम विजय दत्त त्रिपाठी, चंदेला होटल के जीएम, ललित होटल से राजेंद्र सिंह बघेल, कुबेर ग्रुप से विनोद जैन होटल एसोसिएशन से अशोक गौतम, पंडित सुधीर शर्मा अविनाश तिवारी आदि शामिल हुए। कार्यक्रम के आयोजक देवेन्द्र चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, सत्य निधि त्रिपाठी, विनोद मिश्रा, लक्ष्मी नारायण शर्मा, प्रवीण जैन, देवेंद्र जैन आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन राजू सिंह चौहान के द्वारा किया गया। खजुराहो के पत्रकार हरि ओम खरे, बालकिशन विश्वकर्मा, तुलसीदास सोनी पत्रकार, रचना सोनी पत्रकार लक्ष्मण सेन, विकास दीक्षित, किशोरी श्रीवास, शशांक द्विवेदी, अभिषेक नामदेव, जाहर सिंह, राजकुमार मिश्रा, भरत यादव,जितेंद्र रिछारिया, राजेश रैकवार, गणेश रैकवार आदि का सहयोग रहा ।

## मितानिन दिवस पर सेवा में समर्पित मितानिन दीदियों का किया गया सम्मान - कमल सोनी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वार्ड नंबर 43 बंगाली चाल सामुदायिक भवन में मितानिन दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इस अवसर पर कमल सोनी शक्ति केंद्र प्रभारी ने बताया कि प्रतिवर्ष 23 नवंबर को मितानिन दिवस मनाया जाता है। जो उनके सेवा और सहयोग के लिए सामूहिक आभार प्रकट करने का अवसर होता है। सेवा में समर्पित सभी मितानिन दीदीयों को मितानिन दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। मितानिन दीदीया 24 * 7 , 24 घंटे सातों दिन स्वास्थ्य सेवाएं देती है। यह स्वास्थ्य विभाग के महत्वपूर्ण कड़ी होती हैं।मितानिन दीदिया प्रत्येक घर परिवार के स्वास्थ्य के बारे में गंभीरता पूर्वक सोचते हुए शासन के विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सफल बनाने में दिन-रात सहयोग करने वाली किसी भी समय अस्पताल जाने के लिए तत्पर मितानिन बहनो के हितों के बारे में सोचना हम सबका दायित्व है। उनके सेवा समर्पण को नमन करते हुए आज के कार्यक्रम में मोमेंटो, कॉपी, पेन प्रोत्साहन हेतु वितरण किया गया । इस कार्यक्रम में विशेष रूप से देवशरण सेन सांसद प्रतिनिधि, पार्षद श्रीमती खे़मिन यादव, पूर्व पार्षद हेमंत शेखर यादव, राजेश यादव, विनोद श्रीरंगे,केवल साहू, श्रीमती देवकी वर्मा समन्वयक, श्रीमती किरण यादव, मिलतिन, गायत्री साहू,आशा मेश्राम, अनसुइयां, मंजुला सावरकर, गीता मारिया, संगीता यादव, लक्ष्मी साहू, निर्मला साहू, फरीदा आदि बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## इतिहास विभाग का बस्तर भ्रमण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के इतिहास विभाग के छात्र-छात्राओं ने राज्य स्तरीय शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत बस्तर का भ्रमण किया। डॉ.शैलेन्द्र सिंह प्रो.हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर, डॉ.अजय शर्मा एवं प्रो. हेमलता साहू, प्रतीक जैन के नेतृत्व में 45 सदस्यी भ्रमण दल ने बस्तर के ऐतिहासिक पर्यटन स्थल एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर जानकारियां प्राप्त की। भ्रमण के पहले दिन जगदलपुर के राजमहल, दलपत सागर झील तथा जगदलपुर के दंतेश्वरी मंदिर का भ्रमण किया गयां वहां से जगदलपुर से 35 कि.मी.दूर पर स्थित तीरथगढ़ जलप्रताप का मनमोहक नजारा देखा। तीरथगढ़ जलप्रताप चारो ओर से प्राकृतिक सौंदर्य से भरा हुआ है। तीरथगढ़ से भ्रमण दल दंतेवाड़ा पहुंचा, वहा पर प्रसिद्ध दंतेश्वरी मंदिर से दर्शन किए तथा मंदिर से संबंधित ऐतिहासिक एवं धार्मिक जानकारियां प्राप्त की साथ ही मंदिर के पीछे बहने वाली शंखनी एवं डंकनी नदियों को भी देखा। भ्रमण के दुसरे दिन बारसुर में स्थित प्रसिद्ध गणेश मंदिर, मामा-भांजा मंदिर तथा बत्तीसा मंदिर का भ्रमण किया तथा उनसे संबंधित जानकारियां प्राप्त की बारसुर से भ्रमण दल चित्रकुट जलप्रताप पहुंचा।



# सब जूनियर ताईक्वांडो स्पर्धा में कोरबा विजेता, रायपुर बना उपविजेता

## डीपीएस के प्राचार्य समापन समारोह में हुए शामिल



**कोरबा ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ ताईक्वांडो संघ और ज़िला ताईक्वांडो संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 20वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर ताईक्वांडो स्पर्धा का आयोज़न सीपेट भवन स्याहिमुडी कोरबा में किया गया। 22 से 24 नवम्बर तक चलने वाली प्रतियोगिता के मुक़ाबलों का समापन डीपीएस के प्राचार्य सतीश शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ताईक्वांडो खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। इस प्रतियोगिता में कोरबा विजेता व रायपुर उपविजेता बना। रायपुर के पूर्वांश सकारकर ने गोल्ड विजेता रहे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ ताईक्वांडो संघ के महासचिव अनिल द्विवेदी ने प्रतिभागी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपना लक्ष्य अवश्य निर्धारित करना चाहिए। चाहे वह किसी भी क्षेत्र में हो। समयबद्ध व योजनाबद्ध तरीके से किया गया प्रयास कभी असफल नहीं होता। प्रतियोगिता में स्वागत उद्बोधन छत्तीसगढ़ ताईक्वांडो संघ के महासचिव अनिल द्विवेदी ने दिया। अतिथियों को जिला ताईक्वांडो संघ के अध्यक्ष अखिल अग्रवाल सचिव लोकेश राठौर ने स्वागत कर इस स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर राज्य संघ के कोषाध्यक्ष महेश दास, उपाध्यक्ष अशोक यादव भी उपस्थित थे।

# जिपं. सदस्य श्यामकर ने खैरझिटी स्कूल में संविधान दिवस पर दिलाई शपथ

**उपरवाह ( नांदगांव टाइम्स )।** आज 29 नवंबर को शा. हायर सेकेण्डरी स्कूल खैरझिटी में संविधान दिवस शाला प्रांगण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर थे। अध्यक्षता प्राचार्या डॉ इंदुमती मिश्रा ने की। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा बाबा भीमराव अम्बेडकर पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी। मुख्यअतिथि जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर ने छात्र छात्राओं को संविधान दिवस पर शपथ भी दिलाई श्री श्यामकर ने अपने उदबोधन में बाबा भीमराव अम्बेडकर व संविधान दिवस के बारे में बताते हुवे कहा की बाबा भीमराव अम्बेडकर चाहते थे की मेरे देश के बच्चे पढ़े और आगे बड़े क्युकी शिक्षा वो शेरनी के दूध है जो पियेगा वो दहाड़ेगा हम अपने भविष्य शिक्षा से हीं बना सकते है। बाबा अम्बेडकर ने शिक्षा पर काफी जोर दिया श्री श्यामकर ने आगे कहा की आज संविधान दिवस पर हम सब शपथ ले की बाबा अम्बेडकर की बातो को रख शिक्षा पर ध्यान दे बाबा साहेब ने सिर्फ दलितों का उथान नहीं किया बल्कि पुरे देश के मसीहा थे। किसी भी समाज की नारी हो अगर सम्मान दिलाने का काम किया है तो वो है बाबा भीमराव अम्बेडकर। प्राचार्या डॉ मिश्रा ने व सरपंच ने भी अपने उदबोधन में संविधान के बारे में बताया। इस अवसर पर सरपंच सावित्री देवांगन , भाजपा मिडिया प्रभारी तिलेश्वर सिन्हा , हेमंत मेश्राम , जगतराम देवांगन , प्रभारी प्राचार्य याशमीन अंजुम , व्यख्याता चुम्मन वर्मा , पुष्पा मेश्राम , डिप्टी रामटेके , सुनील वशनिक , विनीत रंजन , अनील सोनी , संतोष खिलाड़ी , भाविका रामटेके , पुराण सिन्हा , झामीन बघेल , राधेलाल साहू , सिरमत साहू , रमेश सिन्हा , रोहित देवदास , कमला देवदास सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



# पदुमतरा में विभिन्न विकास कार्यो लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न

## विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर सिंह बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों हुए शामिल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्लॉक के ग्राम पंचायत पदुमतरा में आयोजित लोकार्पण समारोह नवीन भवनों का विधिवत पूजन कर रिबन फीता काट कर लोकार्पण किया गया। महिला प्रशिक्षण भवन क्लस्टर 20 लाख, आंगनबाड़ी भवन 7.50 लाख, नवीन पंचायत भवन 18.50 लाख, श्री राम मंदिर में शेड निर्माण 2 लाख, माध्यमिक शाला अतरिक्त कक्ष 14 लाख, प्राथमिक शाला शेड निर्माण 2 लाख, पूर्व माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष 16.20 लाख, हाई स्कूल में शेड निर्माण 2 लाख, सीसी रोड निर्माण 9 लाख का लोकार्पण क्षेत्र के विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के मुख्य अतिथि के संपन्न हुआ। समस्त ग्रामीण और शाला परिवार में बहुत ही खुशी का माहौल बना रहा। समस्त शाला परिवार के द्वारा पुष्प-गुच्छ भेंटकर स्वागत कर अपनी खुशी जाहिर की और साथ ही आभार जताया। विधायक ने श्रीमती बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज मैं जिस मंच में बैठ के आप सभी को संबोधित कर रही हूं, उस मंच पर मेरे साथ मेरे दिशा निर्देशक जो मुझे स्कूली जीवन मे मुझे मार्गदर्शन दिए मैं अपनी शिक्षिका को चरण स्पर्श कर उनको आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने मुझे आज इस मुकाम पर लाकर खड़े किए। उन्होंने समस्त विद्यार्थियों को संबोधन करते हुए कहा कि अपने लक्ष्य के प्रति हमे दृढ़ रहना चाहिए, हमें अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं की हमेशा आदर सत्कार कर उनका सम्मान करना चाहिए। हमारे जीवन मे गुरुजनों की बहुत ही अहम भूमिका रहती है, इतना कहते हुए अपनी संबोधन समापन करने से पहले शाला परिवार की मांग को देखते हुए मंच और शेड निर्माण के लिए 5 लाख रुपये की घोषणा कर अपनी संबोधन समाप्त की और शाला परिसर में विकास कार्यो की हार्दिक बधाई व शुभकामनाए दी। इस लोकार्पण कार्यक्रम में पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू जनपद सभापति, दुर्गेश द्विवेदी महामंत्री, रतन यादव अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस घुमका, सरपंच ललिता साहू, प्राचार्य संध्या किरण मिंज ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का आभार शाला विकास समिति अध्यक्ष राकेश साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन संतोष वर्मा सर द्वारा किया गया। आयुर्वेदिक पदुमतरा अधिकारी हर्षा दुबे द्वारा आयुर्वेद पर बात रखे व योजनाओं की जानकारी दी गई। स्कूली बच्चों द्वारा स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शेखर वर्मा, सौरभ वैष्णव, कैलाश शर्मा, मोहन साहू, गंभीर साहू, लीला यादव, प्रधान पाठक मिडिल स्कूल, ओमकार निर्मलकर सचिव, कमलेश कुर्रे उपसरपंच, सुखदेव कुर्रे, ओमकार साहूए, हरिकिशन सेन, कालू साहू, ग्राम पटेल खुमान बंजारे और समस्त कार्यकर्ता पंचगण, शाला परिवार शिक्षक-शिक्षिकागण, छात्रगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



## धर्म समाचार....

# गुरु प्रदोष व्रत पर दुर्लभ सौभाग्य योग समेत बन रहे अद्भुत संयोग




धार्मिक मत है कि गुरु प्रदोष व्रत करने से साधक को हर कार्य में विजयश्री मिलती है। साथ ही समय के साथ साधक के सुख ऐश्वर्य पद-प्रतिष्ठा और धन में वृद्धि होती है। साथ ही जन्म-जन्मांतर में किए गए पापों से भी मुक्ति मिलती है। इस शुभ अवसर पर साधक भक्ति भाव से भगवान शिव संग मां पार्वती की पूजा करते हैं। सनातन धर्म में प्रदोष व्रत का विशेष महत्व है। यह पर्व हर महीने कृष्ण और शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान शिव संग मां पार्वती की पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त प्रदोष व्रत रखा जाता है। इस व्रत का फल दिन अनुसार प्राप्त होता है। गुरुवार के दिन पड़ने के चलते मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को गुरु प्रदोष व्रत कहा जाता है। धार्मिक मत है कि प्रदोष व्रत करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। ज्योतिषियों की मानें तो मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि यानी प्रदोष व्रत पर दुर्लभ सौभाग्य योग (त्रह्वह्व क्रह्डुस्रशह्यद्ध ङ्क्रह्डुह्व 2024) का निर्माण हो रहा है। इसके साथ कई अन्य मंगलकारी योग बन रहे हैं। इन योग में शिव-शक्ति की पूजा करने से साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। आइए जानते हैं-

**गुरु प्रदोष व्रत शुभ मुहूर्त**

वैदिक पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 28 नवंबर को सुबह 06 बजकर 23 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, त्रयोदशी तिथि 29 नवंबर को सुबह 08 बजकर 39 मिनट पर समाप्त होगी। इस प्रकार 28 नवंबर को गुरु प्रदोष व्रत मनाया जाएगा।

**सौभाग्य योग**

ज्योतिषियों की मानें तो मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर संध्याकाल 04 बजकर 02 मिनट तक सौभाग्य योग का निर्माण हो रहा है। इस योग में भगवान शिव संग मां पार्वती की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होगी। इसके साथ ही सुख और सौभाग्य में भी वृद्धि होगी।

**शोभन योग**

मार्गशीर्ष माह के प्रथम प्रदोष व्रत पर शोभन योग का भी संयोग बन रहा है। शोभन योग का निर्माण संध्याकाल 04 बजकर 03 मिनट से हो रहा है। ज्योतिष शोभन योग को बेहद शुभ मानते हैं। इस योग में भगवान शिव संग मां पार्वती की पूजा करने से साधक को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होगी।



**करण**

गुरु प्रदोष व्रत पर चित्रा और स्वाति नक्षत्र का संयोग बन रहा है। इसके साथ ही गर और वणिज करण का निर्माण हो रहा है। ज्योतिष गर और वणिज को बेहद शुभ मानते हैं। इन योग में भगवान शिव का अभिषेक करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होगी। साथ ही सुखों में वृद्धि होगी।

## विवाह और प्रॉपर्टी खरीदने के लिए दिसंबर में बन रहे हैं ये शुभ मुहूर्त

हिन्दू धर्म में किसी भी शुभ कार्य से पहले पंचांग जरूर देखा जाता है। दिसंबर का महीना शुरू होने जा रहा है। ऐसे में दिसंबर माह में भी शुभ कार्यों के लिए कई शुभ योग बन रहे हैं। चलिए पंडित हर्षित शर्मा जी जानते हैं कि दिसंबर माह में शुभ कार्यों के लिए कौन-कौन से दिन शुभ रहने वाले हैं। सनातन धर्म में अगहन महीने का विशेष महत्व है। इस महीने में कई प्रमुख व्रत-त्योहार मनाए जाते हैं। इनमें उत्पन्ना एकादशी, विवाह पंचमी, मोक्षदा एकादशी, गीता जयंती और अगहन पूर्णिमा आदि प्रमुख हैं। वहीं, दिसंबर महीने में सूर्य देव राशि परिवर्तन भी करेंगे। इस महीने सूर्य देव धनु राशि में गोचर करेंगे। सूर्य देव के धनु राशि में गोचर करने के साथ ही खरमास प्रारंभ हो जाएगा। खरमास के दौरान शुभ या मांगलिक कार्य करने की मनाही है। अत: 15 दिसंबर से मांगलिक कार्य पर एक महीने के लिए पूर्ण विराम लग जाएगा। आइए, दिसंबर माह की शुभ तिथि एवं शुभ मुहूर्त जानते हैं। दिसंबर महीने में 06, 10, 12, 14, 22, 27, 29 को सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। ज्योतिष सर्वार्थसिद्धि योग को शुभ मानते हैं। इस तिथि पर भगवान कृष्ण की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही सभी कार्यों में सफलता यानी सिद्धि मिलती है। दिसंबर महीने में 14 तारीख को अमृत सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। इस तिथि पर विवाह मुहूर्त है। इस योग में किसी कार्य का श्रीगणेश करने से विशेष लाभ मिलता है। वाहन की खरीदारी के लिए - दिसंबर महीने में वाहन खरीदने के लिए 09 दिन शुभ मुहूर्त है। आप 05, 06, 08, 15, 16, 22, 23, 26 और 27 दिसंबर के दिन वाहन की खरीदारी कर सकते हैं। प्रॉपर्टी या घर इत्यादि की खरीद के लिए - प्रॉपर्टी या घर की खरीद के लिए दिसंबर महीने में 10 दिन शुभ मुहूर्त है। प्रॉपर्टी या की खरीदारी के लिए 01, 10, 11, 15, 19, 20, 21, 26, 30, 31 दिसंबर को शुभ योग बन रहा है।



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# तेज रफ्तार बाईकर्स बन रहे लोगों के लिए आफत

## स्थानीय पुलिस कार्यवाही के लिए नहीं कर रही कोई पहल?, पुलिस थाने की दुरी बन रही वजह चौंक चौराहों पर नहीं किसी का डर?

**बस स्टैंड में चौंकी खोल गतिविधियों पर नजर बनाए रखने की गई थी पहल जो अबतक नजर नहीं?**

ताहिर खान

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** बहुत ही दुख व अफसोस की बात है कि आजकल के हमारे नवजवान लड़के और लड़कियां दोनों ही सड़क पर बाईक, स्कूटी को ऐसे फर्राटे से भगाते है मानों उनके पर निकल आए हों और वे खुले आसमान में बिल्कुल ही निश्चिंत होकर फर्राटे मार लापरवाही पुर्वक नाबालिग वर्ग व युवा वर्ग मोटरसाइकिल हो या अन्य कोई भी वाहन सड़क पर दौड़ाते नजर आते हैं द्य परन्तु वे बेखबर होते हैं कि उनकी एक चुक बड़े हादसे का इंतजार कर रही होती है। वहीं आज कल हम रोज हादसे और मौत की खबर या गंभीर रूप से घायल की खबर अन्य माध्यमों से सुना और देखा जाता है द्य जिससे बहुत दुख होता कि किसी के घर का चिराग बुझ गया या जीवन भर के लिए अपाहिज़ हो गया हो द्य ऐसे में देखा गया है कि बहुत से सड़क हादसों में बाईक, स्कूटी को साधारण सड़क पर बेतहाशा तेज रफ्तार से और तो और बिना सावधानी के लापरवाही पुर्वक तीन चार सवारी गाड़ी चलाते कन्ट्रोल खो देने के चलते कोई पेड़ पर या, ट्रक, बस, ट्रेक्टर से या डिवाइडर से टकराकर यहां तक कि बाईक से बाईक की आमने सामने भिडंत से कितनों के घरों में मातम छा जाता है

**इसके लिए जिम्मेदार कौन... ?**

सही मायने में आज के दौर में युवक हो या युवती बालिग हो या नाबालिग इनपर परिजनों का बस नहीं चलता जिसके चलते ही कहा जा सकता है कि सड़कों पर हो या गली मौहल्ले पर बेधड़क लापरवाही बरतते हुए दो पहिया वाहनों को दौड़ाकर स्वयं की व किसी अन्य के जान पर बन आते हैं। वहीं नगर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठना लाजिमी है क्योंकि ऐसे लोगों पर लगाम कसने की अहम भूमिका पुलिस विभाग की होती है जो छुरिया नगर पंचायत में देखने को नहीं मिल रहा है जिससे यह कहना ग़लत नहीं होगा कि पुलिस का खौफ थोड़ा भी देखने को नहीं मिलता जिसके चलते ही तेज रफ्तार बाईकर्सों के हौसले बुलंद दिखाई देते है। अगर छुरिया पुलिस व्दारा समय समय पर चौंक चौराहों पर नजर बनाकर कार्यवाही की जाये तो कहा जा सकता है ऐसे लोगों पर लगाम लग सकता है।



**पुराने बस स्टैंड में पुलिस चौकी का होना जरूरी।**

आपको बता दें कि छुरिया नगर में रोजाना सुबह-शाम बड़ी वाहनों के साथ साथ मोटरसाइकिल सवारों का आवागमन बना रहता है। जिसमें सबसे ज्यादा भीड़भाड़ चौंक की बात की जाये तो चिचोला से छुरिया पहुंच पुराना बस स्टैंड होते हुए बंजारी सड़क मार्ग व पुराने बस स्टैंड से डोंगरगांव जाने वाले मार्ग जो सक्रिय होने पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है?वहीं पुर्व में रहे छुरिया पुलिस थाना प्रभारी व्दारा तेज रफ्तार बाईकर्सों व अन्य गतिविधियों पर नजर बनाए रखने के लिए थाने की दुरी को देखते हुए छुरिया के पुराने बस स्टैंड पर एक चौकी में पुलिस जवान की ड्यूटी लगाने की पहल करते हुए जगह देखी गई थी जो आज प्रयत्न तक नहीं हो सका? वहीं भले ही पुलिस विभाग व्दारा सड़क सुरक्षा को लेकर शहरों में यातायात व्यवस्था बनाए रखने अहम भूमिका निभाती है किन्तु मानों नगरीय क्षेत्र में जिले के आदेश पर कुछ चुनिंदा जगहों पर चलानी कार्यवाही कर खानापूर्ति कर कागजों में दर्शाते नजर आये हैं? बहरहाल अब देखना होगा स्थानीय पुलिस विभाग व्दारा समय रहते किसी बड़े अनहोनी को रोकने में कितना महत्वपूर्ण योगदान देती है व नगर में बढ़ रहे तेज़ रफ़्तार बाइकर्सों पर किस तरह लगाम कसती है ।

## संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की उद्देशिका का अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया सामूहिक पठन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संविधान दिवस 26 नवम्बर को कलेक्टोरेट में भारतीय संविधान की उद्देशिका का पठन किया गया।



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की उपस्थिति में आज 26 नवम्बर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पठन किया गया। इस अवसर पर सभी ने भारतीय संविधान की उद्देशिका ''हम भारत के लोग भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ई. को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मर्पित करते हैं'' का पठन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, आयुक्त नगर निगम श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## आज के शिविर में सहायक आयुक्त का होगा सम्मान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ई.पी.एस.95 पेंशनर को साल में एक बार जीवित डिजिटल प्रमाण पत्र देने के लिए शिविर तारीख 27.11.2024, दिन बुधवार को प्रात: 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक सामुदायिक भवन, लेबर कॉलोनी, तुलसीपुर, राजनांदगांव में आयोजित किया गया है । इसी कार्यक्रम में समस्त पेंशनरो की गरिमामय उपस्थिति में ई.पी.एफओ. पेंशन कार्यालय के कर्मठ, लोकप्रिय एवं सहज उपलब्ध अधिकारी सुरेश ठाकुर जी, जिनका प्रमोशन सहायक आयुक्त (भविष्य निधि) रायपुर हुआ है, का सम्मान किया जायेगा। आयोजन समिति द्वारा उक्त आयोजन में अपनी गरिमामयी उपस्थित प्रदान करने हेतु जिले के पेंशनर बंधुओं से अपील की गई है।

## राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर गायत्री विद्यापीठ की शानदार प्रस्तुति

**गायत्री विद्यापीठ की शानदार योगा प्रस्तुति**

**राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का भव्य समापन**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी जिले की ख्याति प्राप्त संस्था गायत्री विद्यापीठ का राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर शानदार प्रस्तुति रही। यह आयोजन राजनांदगांव दिग्विजय स्टेडियम में किया गया जहां विभिन्न राज्यों की प्रतिभागी टीमों ने भाग लेकर खेल का प्रदर्शन किया। शाला की योग शिक्षिका श्रीमती भारती साहू के दिशा-निर्देशन में विद्यार्थियों ने अपनी सुन्दर प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया और दर्शकदीर्घा को यह संदेश दिया कि स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन के लिए योग ध्यान से बड़ा अस्त्र



और कोई नहीं हो सकता है। ज्ञात हो कि गायत्री विद्यापीठ के योग में दक्षता प्राप्त विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना चुके हैं और योग शिक्षिका के मार्गदर्शन में कई प्रतियोगिताएं जीत चुके हैं। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव श्री निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष श्री सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक श्री अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर श्री तरणजीत सिंह टूटेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।

## बिजली बिल बकाया वसूली हेतु लाईन विच्छेदन का विशेष अभियान

**काटे गए 116 विद्युत कनेक्शन**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड डोंगरगांव संभाग के अंतर्गत पुन: विद्युत बिल बकायादारो के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। शुकवार 21.नवंबर से 25.नवंबर तक इस संभाग के अंतर्गत वितरण केन्द्रों के कनिष्ठ अभिंयताओं मुख्यालयों में विशेष अभियान चलाते हुए पुन: 116 नं. उपभोक्ताओं, जिसकी राशि 1.7 लाख रूपए , की लाईन काटी गयी, एवं 286 उपभोक्ताओं के विरूद्ध 10.00 लाख रुपए वसूल किये गये है। विभाग द्वारा निर्धारित समयावधि पर बिल भुगतान हेतु बिल वितरण कराया जाता, उसके बाद बिजली देयको के भुगतान में विलंब होने पर सूचना के बाद भी बिल भुगतान नही करने पर लाईन काटने की कार्यवाही की जा रही है ।उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि, लाईन विच्छेदन की कार्यवाही से बचने के लिए बिजली बिलों का भुगतान समय पर करे। डोंगरगांव संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों में औद्योगिक, व्यवसायिक एवं अन्य प्रयाजनों के विरूद्ध बिजली बिल बकाया वसूली करने हेतु वितरण केन्द्र स्तर पर सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं की विशेष टीम गठित किया गया है, यह अभियान आगे निरंतत जारी रहेगा। मीटर का निरीक्षण : अभियान के दौरान मीटर रीडिंग के लिए अनुबंधित मीटर रीडरों के द्वारा संपादित किये जा रहे मीटर वाचन के कार्यों का निरीक्षण किया जारहा है।

**मोर बिजली एप :** इस एप के माध्यम से बिल भुगतान करने पर बिल प्रिंट हेतु सुरक्षित हो जाता है। छ0ग0 शासन द्वारा बिजली बिल हॉफयोजना अंतर्गत सम्माननीय उपभोक्ताओं को यह सुविधा दी गई है कि, लगातार 06 माह तक बिजली बिल का भुगतान नही करने पर भी बिजली बिल हॉफयोजना का लाभ दिया जा रहा है। अत: समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सलाह दी जाती है, कि, बिजली बिल का नियमित भुगतान करे ताकि शासन द्वारा प्रदत 400 यूनिट तक का हॉफ बिजली बिल योजना का लाभ मिलता रहेगा।

## आदर्श ग्राम सुरगी में संविधान दिवस मनाया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के विधायक आदर्श ग्राम सुरगी में आज 26/11/24 को संविधान दिवस मनाया गया. इस अवसर पर एक छोटा का कार्यक्रम आयोजित कर बच्चे को सविधान के निर्माण से लेकर संविधान संशोधन, विभिन्न धाराओ के बारे में संस्था के व्याख्याता सुशील नारायण शर्मा और वीरेंद्र टेम्भुरकार के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर शा.उच्चतर माध्यमिक शाला सुरगी के अंग्रेजी के व्याख्याता किरण साहू ने अंग्रेजी में और सुशील शर्मा ने हिन्दी में संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर बच्चों को शपथ दिलाये। गीतांजली साहू व्याख्याता और चारुलता भौतमांगे ने और कृषि शिक्षक पंकज चंदेल ने भी सभा को सम्बोधित किये।कार्यक्रम में प्राचार्य एन.के.साहू ने बच्चों को अपनी शुभकामनायें दी है। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य एन. के. साहू, व्याख्यातागणो में योगेश गौतम, बसंती शर्मा, दिनेश सिन्हा,वंदना देवांगन, चारुलता भौतमांगे, हेम लता साहू, स्मिता मिश्रा, किरण साहू, गीतांजलि साहू, चित्रलेखा साहू, नीरा ठाकुर, वीरेन्द्र टेम्भुरकर, सुशील नारायण शर्मा, अरुणा साहू,देवेंद मंडावी, बलराम आर्य, शिवम झा, पंकज चंदेल, क्षत्रपाल देशमुख, देवेंद्र साहू, आदि शिक्षक और व्याख्याता गण उपस्थित थे।

# पटरी पार के खिलाड़ी बच्चों को सशक्त बनाने दी जा रही कमांडो ट्रेनिंग

## संघर्ष प्रबंधन प्रशिक्षण से बच्चों के आत्मविश्वास और समर्पण में वृद्धि, रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी की पहल- सेना भर्ती नियम की भी दी गयी जानकारी



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में इंडियन आर्मी के जवान सौरभ यादव द्वारा शहर के पटरी पार के खिलाड़ी बच्चों को कमांडो ट्रेनिंग दी जा रही है। इस विशेष प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे भारतीय सेना के जवान की तरह विषम परिस्थितियों का सामना मजबूती के साथ कर सकें।

कमांडो ट्रेनिंग के विषय में अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं कोच मृणाल चौबे ने बताया कि खिलाड़ियों को मैच के दौरान ऐसे अनेक अवसर का सामना करना पड़ता है जब वे मानसिक एवं शारीरिक रूप से मजबूत नहीं होने के कारण मैच हार जाते हैं। कमांडो ट्रेनिंग से खिलाड़ियों का बहुमुखी विकास होता है। हाल ही में सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के खिलाड़ियों ने भी हॉकी खेल के राष्ट्रीय संघ हॉकी इंडिया के मार्गदर्शन में कमांडो ट्रेनिंग का लाभ उठाया था, जिसके फ्लस्वरूप टीम ने बिहार के राजगीर में हाल ही में संपन्न हुए महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक जीता है। कमांडो ट्रेनिंग के अंतर्गत खिलाड़ियों को बॉडी वेट ट्रेनिंग के माध्यम से अपने शरीर के वजन का उपयोग करके विभिन्न प्रकार के व्यायाम करना सिखाया गया। कार्डियो ट्रेनिंग एवं स्ट्रेंथ ट्रेनिंग की बारीकियों से खिलाड़ी बच्चों को अवगत करवाया गया। ध्यान एवं एकाग्रता प्रशिक्षण के साथ-साथ संघर्ष प्रबंधन का प्रशिक्षण भी खिलाड़ियों को दिया गया। खिलाड़ियों को भारतीय सेना में भर्ती की प्रक्रिया को भी इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से समझने का अवसर मिला, ताकि खिलाड़ी इसे समझकर बेहतर तरीके से सेना भर्ती के लिए तैयार हो सकें। प्रशिक्षण के दौरान सौरभ यादव ने शारीरिक फिटनेस और शैक्षणिक योग्यता के महत्व पर प्रकाश डाला, जो सेना में भर्ती होने के लिए आवश्यक माने जाते हैं। इस अवसर पर बच्चों को विभिन्न शारीरिक और मानसिक चुनौतियों से परिचित कराया गया, जिससे उनके आत्मविश्वास और मानसिक दृढ़ता का विकास हो सके। कमांडो के द्वारा बच्चों को फिटनेस के कई अहम टिप्स दिए गए और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति मेहनत और समर्पण बनाए रखने की प्रेरणा दी गई। सेना के जवान सौरभ यादव वर्तमान मे इंडिया पाकिस्तान बॉर्डर लाइन ऑफ़ कंट्रोल मे पदस्त है तथा पूर्व मे पदस्थापना के दौरान जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश एवं सिक्किम जैसे जगहों मे अपनी सेवाएं दे चुके है। बसेबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी सौरभ इंडियन आर्मी की ओर से एडवेंचर गेम्स और पैरासैलिंग मे भी भाग ले चुके है। इस अवसर पर छेत्र के वरिष्ट नागरिक गोविन्द यादव,अब्दुल कादिर, पूर्व पार्षद सुनील साहू , समाज सेवी ललित नायडू, आशु लारिया , रवि कुंजाम, संदीप यादव , ब्रम्हा नंद चौबे , शेखर सिन्हा , शिवा चौबे , राधे साहू , तेजन राजपूत , लाल सिंह साहू , राजा राजपूत , बृज नेताम , पप्पू रामटेके , किशोर श्रीमटे , अमर जीत यादव , विष्णु नंद चौबे , राजेश यादव , सौरभ यादव , वासु सावक , लक्ष्मण पाल , चंदा साहू , मनोज साहू , अंजू सिंह , प्रतिमा भारद्वाज , मोनिका राजपूत , वंदना वर्मा , रागिनी श्रीवास्तव , श्रीमती मंजूलता राजपूत , डेजी मसीह , कल्प रानी , जामुन साहू , पायल वर्मा , मीणा विश्वकर्मा , श्रीमती सरिता चौबे एवं खिलाड़ी बच्चों के अभिभावकों की उत्साहपूर्वरक उपस्तिथि रही ।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com